<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 5617

02 अप्रैल, 2018 को उत्तर के लिए

स्पंज लौह संयंत्र

5617. श्री लखन लाल साहूः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में छत्तीसगढ़ सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार प्रचालित निजी और सरकारी क्षेत्र के स्पंज लौह संयंत्रों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त संयंत्रों में रोजगार सृजन क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त संयंत्रों में स्थानीय जनसंख्या के लिए रोजगार का कोई प्रावधान है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): वर्ष 2016-17 के दौरान छत्तीसगढ़ सहित देश में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के स्पंज आयरन संयंत्रों की संख्या **अनुलग्नक-I** में दी गई है।

(ख): वर्ष 2012-13 में संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार उक्त वर्ष के दौरान घरेलू स्पंज आयरन बाजार में कुल रोजगार 1,15,927 था। राज्य-वार ब्यौरे **अनुलग्नक-II** में दर्शाए गए हैं।

(ग) और (घ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के नाते सरकार की भूमिका सुविधादाता के रूप में ही सीमित है, जो उद्योग के निरंतर विकास और प्रतिस्पर्धात्मक विकास हेतु अनुकूल नीतिगत वातावरण प्रदान करती है। निजी इस्पात क्षेत्र में कर्मचारियों की भर्ती संबंधी विशेष निर्णय व्यक्तिगत इस्पात कंपनियों/निवेशकों द्वारा उनकी अपनी आवश्यकताओं के आधार पर लिए जाते हैं। सीपीएसयू के मामले में भर्ती सरकारी दिशा-निर्देशों के आधार पर होती है।

*****

अनुलग्नक-I

(लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 5617 दिनांक 02.04.2018)

भारतीय स्पंज आयरन उद्योग का क्षेत्रवार विवरण, 2016-17

क्षमता और उत्पादन('000 टन में)

निजी क्षेत्र			
राज्य	**इकाइयों की संख्या**	**वार्षिक क्षमता**	**उत्पादन**
झारखंड	64	3751	872
ओडिशा	85	14556	6321
पश्चिम बंगाल	41	3652	2410
पूर्वी क्षेत्र कुल	**190**	**21959**	**9603**
छत्तीसगढ़	59	7812	6336
गोवा	3	202	3849
महाराष्ट्र	8	3422	1926
गुजरात	1	6700	3204
पश्चिमी क्षेत्र कुल	**71**	**18136**	**15314**
उत्तरी क्षेत्र कुल	**0**	**0**	**0**
आंध्र प्रदेश	7	771	428
कर्नाटक	32	3923	2705
तमिलनाडु	7	557	367
तेलंगाना	12	601	339
दक्षिणी क्षेत्र कुल	**58**	**5852**	**3838**
कुल निजी क्षेत्र	**319**	**45947**	**28756**
सार्वजनिक क्षेत्र			
राज्य	**इकाइयों की संख्या**	**वार्षिक क्षमता**	**उत्पादन**
तेलंगाना	1	60	6
कुल सार्वजनिक क्षेत्र	**1**	**60**	**6**
कुल : सार्वजनिक+निजी	**320**	**46007**	**28762**

स्रोत: जेपीसी

अनुलग्नक-II

भारतीय स्पंज आयरन उद्योग में रोजगार : 2012-13

राज्य	**रोजगार (संख्या)**
झारखंड	5675
ओडिशा	51962
पश्चिम बंगाल	15998
छत्तीसगढ़	20990
गोवा	519
गुजरात	250
महाराष्ट्र	5246
आंध्र प्रदेश	5015
कर्नाटक	9496
तमिलनाडु	776
सकल योग	**115927**

स्रोत: जेपीसी, सर्वेक्षण 2012-13

*****